www.facebook.com/FairReport Instagram @Fair_report @fairreportnews

# FAIR REPORT

THE DAWN OF A FEARLESS PEN

Jaipur, Friday, 05 Septmber 2025 PRGI No. - T/RJ/BIL/00000020 | Vol 1 | Issue No.- 10 | Pages 04 | ₹3.00

BRIEFLY



### ED quizzes Shikhar Dhawan in betting app case:

**New Delhi:** Ex-cricketer Shikhar Dhawan on Thursday appeared before the Enforcement Directorate here for questioning with regard to the illegal online betting app-linked money laundering case, sources said. He reached the probe agency's office at 11 am for recording his statement under the provisions of the PMLA as part of the investigation linked to an "illegal" betting app namely 1xBet, they said. His connection to the App is said to be over certain endorsements related to the app, while the agency is said to be exploring as to what was his arrangement with the platform during the questioning.

# New GST reforms a game changer, says PM Modi

FAIR REPORT

NEW DELHI

Prime Minister Narendra Modi on Thursday said the next generation GST reforms unveiled on Wednesday were a game-changer for manufacturers as lower input costs, with simplified slabs of 5 per cent and 18 per cent, faster digital compliance, and rising demand will give a big boost to Made in India products.

In a series of posts shared on X, he said: "Now GST will become even more simple. There are now only two rates of GST 5 per cent and 18 per cent. From 22nd September .... From the first day of Navratri new rates of GST will come into force. There are reforms even in GST in India's growth. GST 2.0... a double dose of support and growth for the nation."



Prime Minister Narendra Modi addresses the National Awardee teachers at his residence, in New Delhi on Thursday. ANI

"With GST reforms, 5 jewels have been added to India's economic growth: firstly the tax system has been made much simpler. Secondly, there will be an improvement in the quality of life of the people of India. Thirdly, consumption and growth both will get a big boost. Fourthly, ease of doing business will get a big support in terms of investment and employment. Fifth, for the Viksit Bharat cooperative federalism will strengthen," he said.

> **From the first day of Navratri new rates of GST will come into force. There are reforms even in GST in India's growth.**
>
> NARENDRA MODI, PRIME MINISTER

Mr Modi said significant reforms have been done to the Goods and Services Tax (GST) system, aiming to simplify the tax structure and boost economic growth.

The new system will feature two primary GST rates: 5 per cent and 18 per cent, effective from 22 September, coinciding with the first day of Navratri.

Highlighting that now there will be easier compliance and reduced tax rates, he said it will lead to reduced prices for essentials and high-value products and will increase affordability and demand.

Also it will be a support for investment and employment and enhance cooperation between the Centre and states.

The GST Council's decision aims to stimulate domestic consumption, reduce the impact of US trade tariffs on Indian exports, and promote economic growth.

The simplified tax structure is expected to benefit consumers and businesses alike, with many essentials and high-value products becoming more affordable.

The GST Council, chaired by Union Finance Minister Nirmala Sitharaman, on Wednesday approved the simplified dual-rate system, replacing the existing four-slab structure.

The reforms aim to ease living for the common man, support farmers, MSMEs, the middle class, women, and youth, while fostering growth across key sectors of the economy.

# CM Sharma Thanks PM Modi for GST Rate Simplification, Says Economy Will Gain Fresh Momentum





FAIR REPORT

**Jaipur:** Rajasthan Chief Minister Bhajanlal Sharma has welcomed the Goods and Services Tax (GST) Council's decision to simplify tax rates and expressed gratitude to Prime Minister Narendra Modi and Union Finance Minister Nirmala Sitharaman on behalf of the state's eight crore citizens. He said the move will benefit farmers, the poor, the middle class, traders, and industrialists alike, while giving a new push to the country's economy.

Addressing a press conference in the Assembly on Thursday, the Chief Minister said that the GST Council has taken a historic step in the direction of tax reforms. Instead of four slabs, now only two rates will be applicable. "The decision has been made keeping in mind basic needs such as food, clothing, and housing. It will provide maximum relief to the common people and traders. The upcoming Diwali will be particularly special," he said.

Sharma added that Prime Minister Modi is realizing the vision of Pandit Deendayal Upadhyay and Dr. B.R. Ambedkar by ensuring that the benefits of government decisions reach the last person in society. "Under the leadership of the Prime Minister, the double-engine government is continuously working for public welfare and towards the goal of making India and its states developed," he said.

## India has key role in ending Russia's war, says EU Commission President

FAIR REPORT

NEW DELHI

The President of the European Commission, Ursula von der Leyen, has said that India has an important role to play in bringing Russia to end its war of aggression and helping create a path towards peace. The statement came after her joint telephonic conversation with Prime Minister Narendra Modi and President of the European Council Antonio Costa, today.

In a post on X, following the conversation, Ms von der Leyen wrote that they warmly welcome India's continued engagement with President Zelenskyy. "India has an important role to play in bringing Russia to end its war of aggression and helping create a path towards peace. This war carries global security



consequences and undermines economic stability. So it is a risk to the entire world. Looking ahead, we plan to agree on a joint strategic agenda at the next EU–India summit, as early as possible in 2026. We also remain fully committed to concluding the Free Trade Agreement negotiations by the end of the year. To achieve this, progress is needed now," the post said.

In a statement issued here, the Prime Minister's Office said that as the world's largest democratic forces, India and EU share a strong and close relationship built on trust, shared values, and a common vision for the future.

The leaders also exchanged views on regional and global issues of mutual interest, including the efforts to bring an end to the conflict in Ukraine. PM Modi reiterated India's consistent support for peaceful resolution of the conflict and early restoration of peace and stability.

Giving details of the joint conversation, the PMO said that the leaders underlined the role of the India-EU Strategic Partnership in jointly addressing global issues, fostering stability, and promoting a rules-based order for mutual prosperity.

## 'Singapore vital pillar of India's Act East Policy'

FAIR REPORT

NEW DELHI

Describing Singapore as a vital pillar of India's Act East Policy, Prime Minister Narendra Modi on Thursday said both the nations will continue to work together with ASEAN *(photo)* to advance their Joint Vision for peace and stability in the Indo-Pacific region.

The two countries also signed an agreement on Green and Digital Shipping Corridors which will give significant momentum to the green fuel supply chain and digital port clearance in the maritime sector.

Making a joint press statement after his official talks with visiting Singapore Prime Minister Lawrence Wong at Hyderabad House here, PM Modi said, "Singapore is a vital pillar of





our Act East Policy. Together, we will continue to advance cooperation with ASEAN and carry forward our Joint Vision for peace and stability in the Indo-Pacific region."

He termed technology and innovation "strong pillars" of the partnership between India and Singapore and announced that both nations have decided to enhance cooperation in AI, quantum, and other digital technologies.

PM Modi called UPI and PayNow "successful examples" of digital connectivity. He announced that India and Singapore have decided to review the Bilateral Comprehensive Economic Cooperation Agreement and Free Trade Agreement with ASEAN in a time-bound manner.

"Technology and innovation are the strong pillars of our partnership. We have decided to enhance cooperation in AI, quantum, and other digital technologies. The agreement in the space sector today is adding a new chapter to cooperation in the field of space science. UPI and PayNow are successful examples of our digital connectivity, and it is a matter of pleasure that 13 new Indian banks have joined them today," he said.

## NIRF 2025: 6 Delhi colleges in Top 10 as IIT Madras, IISc continue reign


FAIR REPORT

NEW DELHI

The Indian Institute of Management, Ahmedabad and the Indian Institute of Technology (IIT) Madras, continue to retain their top spots in the National Institutional Ranking Framework (NIRF), consecutively for the fifth and seventh time respectively.

Union Minister of Education, Dharmendra Pradhan, today released the India Rankings 2025, which implements the National Institutional Ranking Framework (NIRF) drafted for this purpose by the Ministry of Education in 2015.

The Indian Institute of Technology (IIT) Madras cemented its position at the top in the NIRF 2025, retaining the 1st rank in the Overall



NIRF India Rankings 2025

Ranking of Higher Education Institutions

| Overall Top 10 | | Score |
|---|---|---|
| 1 | IIT Madras | 87.31 |
| 2 | IISc, Bengaluru | 85.00 |
| 3 | IIT Bombay | 81.62 |
| 4 | IIT Delhi | 80.67 |
| 5 | IIT Kanpur | 77.25 |
| 6 | IIT Kharagpur | 73.99 |
| 7 | IIT Roorkee | 71.73 |
| 8 | AIIMS, New Delhi | 70.57 |
| 9 | JNU, New Delhi | 69.62 |
| 10 | BHU, Varanasi | 68.71 |

category for the seventh consecutive year (2019–2025) and in Engineering for the tenth consecutive year (2016–2025).

In the Universities category, the Indian Institute of Science (IISc), Bengaluru, maintained its dominance.

Among Medical institutes, AIIMS New Delhi retained the top rank for the eighth consecutive year (2018–2025).

In the Colleges category, Hindu College secured the 1st position for the second consecutive year. Notably, six of the top 10 colleges in the Colleges category are from Delhi, underlining the capital's dominance. These include: Hindu College, Miranda House, Hans Raj College, Kirori Mal College, St. Stephen's College, & Atma Ram Sanatan Dharm College.

IIT Roorkee topped the Architecture & Planning discipline for the fifth year in a row and National Law School of India University, Bengaluru, remained the leader in Law.

## *Concerned over floods in the Himalayan states, SC points to illegal felling of trees*

FAIR REPORT

NEW DELHI

The Supreme Court on Thursday expressed grave concern over the devastation caused by floods and landslides in the Himalayan states of Himachal Pradesh, Uttarakhand, Jammu and Kashmir, and Punjab, and pointed to prima facie evidence of illegal felling of trees in the hills.

A bench of Chief Justice B R Gavai and Justice K Vinod Chandran, while referring to media footage showing timber logs being swept down by floodwaters in Himachal Pradesh, remarked: "It is a serious matter. From the media



reports, it is also noticed that in the flood, huge numbers of wooden logs were flowing around. Prima facie, it appears that there has been illegal felling of the trees which has been going on up hills."

The bench issued notices to the Centre through the Ministries of Environment and Jal Shakti, the National Disaster Management Authority (NDMA), the National Highways Authority of India (NHAI), and to the states of Punjab, Himachal Pradesh, Uttarakhand and Jammu and Kashmir, seeking their responses within two weeks. The matter has been posted for further hearing thereafter.

The Chief Justice, expressing anguish over the situation, observed: "We have seen unprecedented landslides and floods in Uttarakhand, Himachal Pradesh, and Punjab. We are seeing the pictures of Punjab, the entire fields and villages are eradicated. Development has to be balanced."

Solicitor General Tushar Mehta was asked by the bench to take note of the issue, and acknowledged the seriousness of the situation. "SG, please take note of this. It appears to be a serious issue. A large number of wooden logs were seen to be falling around, and it shows illegal felling of trees," the bench told him.

Mehta assured the court that he would immediately speak to the secretary of the environment ministry and the chief secretaries concerned. "We have interfered with nature so much that now nature is giving back," he observed candidly. The court was hearing a public interest litigation filed by petitioner Anamika Rana, who sought directions for preventive and remedial measures in view of recurring disasters in the Himalayan belt.

VISION INDIA FAIR REPORT 02

## Editorial

# अमेरिका में रह रहे भारतीय चुप क्यों हैं? क्या देशभक्ति सिर्फ नारों तक सीमित है?

अक्सर देखा जाता है कि 15 अगस्त और 26 जनवरी जैसे अवसरों पर अमेरिका में बसे भारतीय और भारतीय मूल के लोग बड़े जोश के साथ इंडिया डे परेड या अन्य सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से अपनी देशभक्ति का प्रदर्शन करते हैं। इसी तरह जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका की यात्रा पर जाते हैं, तो बड़ी संख्या में भारतीय-अमेरिकी उनके स्वागत में उमड़ पड़ते हैं और भारत माता की जय के नारों से माहौल गूंज उठता है। यह दृश्य निश्चित ही भावनाओं को छूने वाला होता है और मातृभूमि के साथ जुड़ाव को दर्शाता है।

लेकिन प्रश्न यह है कि जब वास्तविक चुनौतियाँ सामने आती हैं— जैसे डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत विरोधी रुख अपनाना और भारतीय सामानों पर भारी टैरिफ लगाना, तो वही प्रवासी भारतीय समुदाय चुप क्यों हो जाता है? यही खामोशी गंभीर सवाल खड़े करती है। देखा जाये तो देशभक्ति केवल उत्सवों और नारों तक सीमित नहीं होनी चाहिए। यदि भारतीय-अमेरिकी समुदाय अमेरिकी राजनीति, मीडिया और नीतिगत हलकों में प्रभावशाली है तो इस प्रभाव का इस्तेमाल भारत की छवि और हितों की रक्षा में क्यों नहीं किया जाता? जब भारत के खिलाफ नीतिगत फैसले लिए जा रहे हैं या अमेरिकी मीडिया में भारत-विरोधी नैरेटिव सामने आ रहे हैं, तब सामूहिक और मुखर आवाज़ का अभाव कहीं न कहीं "प्रवासी देशभक्ति" की सीमाओं को उजागर करता है।

संभव है कि यह चुप्पी "Dual Loyalty" यानी दोहरी निष्ठा के आरोपों से बचने की व्यावहारिक रणनीति हो। यह भी हो सकता है कि भारतीय-अमेरिकी अपने कॅरियर और सामाजिक सुरक्षा को दांव पर नहीं लगाना चाहते। लेकिन तब सवाल यह उठता है कि क्या देशभक्ति केवल सुरक्षित अवसरों तक ही सीमित रहेगी?

देखा जाये तो भारत आज वैश्विक मंच पर उभरती शक्ति है और उसे प्रवासी भारतीयों की सक्रिय भागीदारी और समर्थन की ज़रूरत है। ऐसे में भारतीय-अमेरिकियों को यह तय करना होगा कि उनकी देशभक्ति केवल परेड और नारे तक सीमित है या फिर वे कठिन समय में भी भारत के पक्ष में खड़े होने का साहस दिखाएँगे।

लेकिन भावनाओं से परे इस तस्वीर का एक दूसरा पहलू भी है। देखा जाये तो भारतीय-अमेरिकी बड़ी संख्या में अमेरिका की कॉर्पोरेट दुनिया, आईटी सेक्टर, मेडिकल प्रोफेशन और वित्तीय संस्थाओं में ऊंचे पदों पर हैं। लेकिन इन सबके बावजूद वे अमेरिकी राजनीतिक तंत्र में अभी भी अल्पसंख्यक माने जाते हैं। किसी भी राजनीतिक विवाद पर खुलकर बोलना उनके लिए कॅरियर और सामाजिक हैसियत पर असर डाल सकता है। खासकर, ट्रंप जैसे नेता जिनकी राजनीति आक्रामक और विभाजनकारी रही है, उनके खिलाफ बोलना भारतीय-अमेरिकियों को असुरक्षित कर सकता है।

भारतीय-अमेरिकी समुदाय को अमेरिका में अक्सर "Model Minority" कहा जाता है— यानि एक अनुशासित, मेहनती और कानून का पालन करने वाला समुदाय। इस छवि को बनाए रखना उनके लिए सामाजिक पूंजी का हिस्सा है। यदि वे अमेरिकी नीतियों के खिलाफ आवाज़ उठाते हैं, तो यह छवि टूट सकती है और उन्हें "असहज अल्पसंख्यक" के रूप में देखा जा सकता है। अधिकांश भारतीय-अमेरिकी यह मानते हैं कि राजनीतिक बयानों और नीतिगत असहमति के बावजूद, अमेरिका में उनकी प्राथमिक पहचान एक पेशेवर और नागरिक की है। भारत के प्रति सहानुभूति तो है, लेकिन वे अपने कॅरियर और आर्थिक सुरक्षा को दांव पर लगाकर राजनीतिक बयानबाज़ी से बचते हैं। उनके लिए मौन ही सुरक्षित रास्ता है।

भारतीय-अमेरिकियों के लिए यह भी चुनौती है कि यदि वह भारत के समर्थन में खुलकर बोलें तो उन पर "दोहरी निष्ठा" (Dual Loyalty) का आरोप लग सकता है। अमेरिकी राजनीति में यह एक संवेदनशील मुद्दा है। जैसे-जैसे भारत की वैश्विक भूमिका बढ़ रही है, भारतीय-अमेरिकी खुद को एक "संतुलनकारी स्थिति" में रखना चाहते हैं— जहाँ न अमेरिका की मुख्यधारा उनसे असहज हो और न ही वे अपनी जन्मभूमि के प्रति उदासीन दिखाई दें।

कुछ विश्लेषकों का मानना है कि भारतीय-अमेरिकियों की यह खामोशी "रणनीतिक मौन" है। वह सार्वजनिक रूप से प्रतिक्रिया न देकर पर्दे के पीछे लॉबिंग और नेटवर्किंग के जरिए भारत के पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश करते हैं। यह उनकी अमेरिकी राजनीति में परिपक्वता का भी संकेत है— जहाँ शोर-शराबे से ज़्यादा महत्त्वपूर्ण है प्रभावी लॉबिंग। हालांकि कई लोग इससे विपरीत मत भी रखते हैं। भारतीय वायुसेना के पूर्व अधिकारी संजीव कपूर ने अमेरिका में रह रहे भारतीय मूल के लोगों की कड़ी आलोचना करते हुए आरोप लगाया है कि यह समुदाय "चुप" है और "मातृभूमि का साथ देने में नाकाम" रहा है। उन्होंने तर्क दिया कि भारतीय डायस्पोरा "जब सबसे ज़रूरी समय होता है तो चुप हो जाता है" और भारत की विकास गाथा को केवल "ड्राइंग रूम की चर्चा" तक सीमित कर देता है।

बहरहाल, भारतीय-अमेरिकियों की खामोशी को केवल डर या कायरता के चश्मे से नहीं देखा जा सकता। यह कहीं न कहीं उनकी दोहरी ज़िम्मेदारी का परिणाम है— एक ओर अमेरिका में सुरक्षित और सम्मानित जीवन, दूसरी ओर भारत के साथ भावनात्मक जुड़ाव। वह जानते हैं कि राजनीति में बयानबाज़ी से ज्यादा असर संगठित लॉबिंग और चुपचाप किए गए प्रयासों का होता है। इसलिए यह खामोशी दरअसल रणनीतिक चुप्पी भी हो सकती है, जो समय आने पर भारत-अमेरिका संबंधों में पुल बनाने का काम करे।

**-नीरज कुमार दुबे**



### उर्वरक वितरण पर राज्य स्तरीय बैठक

# रबी सीज़न में किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण खाद उपलब्ध करवाई जाए- मुख्य सचिव

FAIR REPORT



**जयपुर**। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गुरूवार को सचिवालय स्थित समिति कक्ष में राज्य स्तरीय फर्टिलाइज़र डिस्ट्रीब्यूशन रेगुलेटरी टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि रबी सीज़न उर्वरक-प्रधान होता है, इसलिए सभी फर्टिलाइज़र कंपनियां मांग और आपूर्ति का विशेष ध्यान रखें। इस वर्ष अप्रत्याशित वर्षा के कारण किसानों को अतिरिक्त सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने कृषि आयुक्त को निर्देश दिए कि नियमित मॉनिटरिंग कर किसी भी समस्या का प्राथमिकता से तुरंत समाधान सुनिश्चित किया जाए।

## पारदर्शी वितरण और कालाबाज़ारी पर सख्ती

मुख्य सचिव ने कहा कि किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए विभागों के बीच समन्वय आवश्यक है। उन्होंने पुलिस विभाग को विशेष अभियान चलाकर कालाबाज़ारी रोकने, सहकारी समितियों से पारदर्शी वितरण व्यवस्था सुनिश्चित करने और उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने रेलवे विभाग को निर्देश दिए कि मांग के समय दबाव कम करने के लिए जयपुर, हनुमानगढ़, झुंझुनू और दौसा रेक पॉइंट्स को विकसित कर नई सुविधाओं से मज़बूत किया जाए। वर्तमान में राज्य में 35 रेल रेक पॉइंट्स कार्यरत हैं, जिनमें से 15 पर नियमित, 12 पर मौसमी और 8 पर आकस्मिक आपूर्ति होती है।

बैठक में कृषि एवं उद्यानिकी आयुक्त सुचिन्मयी गोपाल ने प्रेज़ेंटेशन के माध्यम से उर्वरक संबंधी महत्वपूर्ण तथ्य और जानकारी प्रस्तुत की। प्रस्तुति में बताया गया कि इस वर्ष अब तक राज्य की खरीफ सीज़न मांग में से यूरिया की आपूर्ति 98 प्रतिशत रही, वहीं डीएपी की उपलब्धता 88 प्रतिशत तक पहुँची। एनपीके और एमओपी की स्थिति अपेक्षाकृत कम रही। जिला-वार समीक्षा में अधिकांश जिलों में यूरिया और डीएपी की अधिकतम उपलब्धता दर्ज की गई।

## कंपनीवार समीक्षा-

बैठक के दौरान कंपनीवार समीक्षा में पाया गया कि यूरिया की आपूर्ति में जीएसएफसी ने 224 प्रतिशत आपूर्ति कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, आईपीएल ने 153 प्रतिशत लक्ष्य पूरा किया, जबकि आरसीएफ की आपूर्ति सबसे कम (लगभग 69 प्रतिशत) रही। डीएपी के मोर्चे पर कोरोमंडल ने लक्ष्य से अधिक आपूर्ति दर्ज की। साथ ही किसानों ने डीएपी पर निर्भरता कम करते हुए वैकल्पिक उर्वरकों का उपयोग बढ़ाया, जिसमें एसएसपी (सिंगल सुपर फॉस्फेट) का उपयोग 28 प्रतिशत और एनपीके का 83 प्रतिशत अधिक दर्ज किया गया।

बैठक में विभागीय प्रयासों की जानकारी दी गई। जिलास्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित कर आपूर्ति की निगरानी की जा रही है और सभी दुकानों पर स्टॉक व मूल्य सूची प्रदर्शित करना अनिवार्य किया गया है। नियम उल्लंघन पर सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। अब तक अधिक विक्रय करने वाले 981 खुदरा उर्वरक विक्रेताओं पर कार्यवाही की गई है।

बैठक में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (कानून एवं व्यवस्था), सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां सहित विभिन्न विभाग- कृषि, सहकारिता, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति , रेलवे तथा उर्वरक कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रभारी मंत्री भी करेंगे दौरे

# सीएम शर्मा के निर्देश – 5 से 7 सितंबर तक विधायक करें अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण

FAIR REPORT

**जयपुर**। राज्य सरकार द्वारा अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य व्यापक स्तर पर जारी हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विधायकों को अतिवृष्टि से उत्पन्न समस्याओं से आमजन को राहत देने के लिए 5, 6 एवं 7 सितंबर (तीन दिन) अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों के सघन निरीक्षण के विशेष निर्देश दिए। साथ ही, प्रभारी मंत्री तथा सचिव को भी अपने क्षेत्रों में दो दिन तक दौरा कर आमजन की समस्याओं का निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेशवासियों के साथ हर परिस्थिति में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।

शर्मा गुरुवार को प्रदेश में भारी बारिश से उत्पन्न स्थिति पर विधानसभा में विधायकों के साथ चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष 1 जून से 1 सितम्बर तक औसत बारिश से 56 प्रतिशत से अधिक बारिश हुई है। ऐसे में सभी विधायक अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों में जाएं तथा जिला प्रशासन के साथ समन्वय कर राहत-बचाव कार्यों को और अधिक गति प्रदान करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार तात्कालिक राहत के साथ-साथ बारिश और बाढ़ से प्रतिवर्ष होने वाली समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए भी प्रतिबद्ध है। इसके लिए हम दीर्घकालिक योजनाएं बनाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आमजन की परेशानियों को प्रभावी रूप से दूर कर रही है।



## प्रभारी मंत्री एवं विधायक क्षेत्र में अधिकारियों से लें नियमित फीडबैक

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभारी मंत्री एवं विधायकगण अपने-अपने क्षेत्र में अधिकारियों और प्रशासन से नियमित रूप से फीडबैक लें। उन्होंने विधायकों को अपने क्षेत्र में जिला कलक्टर और उच्च अधिकारियों के साथ नियमित बैठक करने के निर्देश दिए। शर्मा ने विधायकगणों को प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों का मनोबल बढ़ाने, निचले इलाकों से लोगों को समय पर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने, भोजन पैकेट, पीने का पानी, दवाइयों एवं कपड़ो के वितरण की सतत निगरानी के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्र में महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गो एवं दिव्यांगजनों के लिए सुरक्षित अस्थायी आश्रय की व्यवस्था करवाएं। साथ ही, नियंत्रण कक्ष एवं हेल्पलाइन पर नजर रखें एवं एनडीआरएफ, एसडीआरएफ तथा स्वयंसेवकों की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित करें।

## मीडिया एवं आमजन को नियमित रूप से करें जानकारी साझा

शर्मा ने कहा कि विधायक मीडिया एवं आमजन को नियमित रूप से जानकारी दें ताकि अफवाह न फैले। साथ ही, सोशल मीडिया पर भी राहत कार्यों एवं हेल्पलाइन नंबर की जानकारी साझा करें। उन्होंने राहत शिविरों एवं प्रभावित क्षेत्रों में चिकित्सा टीमों की तैनाती, पशुओं के टीकाकरण एवं पेयजल स्रोतों के क्लोरीनेशन, राहत शिविरों में साफ-सफाई एवं स्वच्छता की निगरानी, सुरक्षित पानी पीने, भोजन की स्वच्छता एवं गंदे पानी से दूर रहने के बारे में जागरूक करने के भी निर्देश दिए

### अलवर जिले के रघुनाथगढ़ गांव में हादसा

# युवकों पर गिरी चट्टान... दो सगे भाइयों समेत 3 की मौत



FAIR REPORT

**अलवर**। जिले के नौगांवा थाना इलाके के रघुनाथगढ़ गांव में गुरुवार दोपहर पेड़ के नीचे बैठे 4 युवकों पर पहाड़ी से चट्टान गिर गई। हादसे में 2 सगे भाइयों समेत 3 की मौत हो गई, जबकि 1 गंभीर घायल हो गया।

घायल का अलवर के जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। तेज धमाके की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने अपने स्तर पर मलबा हटाना शुरू किया और मौके पर जेसीबी भी मंगवाई। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद चारों युवकों को मलबे से बाहर निकाला जा सका।

डीएसपी सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि काला घाटा की सरकारी पहाड़ी पर बकरियां चराने के लिए चार युवक शकील (25), भब्बल (30), जुबेर (25) और जाहिद सुबह करीब 11 बजे घर से निकले थे। वे धूप से बचने के लिए एक पहाड़ी के पास पेड़ के नीचे बैठे थे। दोपहर करीब 1 बजे अचानक 25 फीट की ऊंचाई से एक बड़ी चट्टान नीचे गिर गई और चारों युवक मलबे में दब गए।

### काफी मशक्कत के बाद पाया जा सका आग पर काबू

# चलती वैन में लगी आग, दो बच्चे झुलसे

FAIR REPORT

**चित्तौड़गढ**। शहर के गांधीनगर क्षेत्र में गुरुवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब एक निजी वैन में अचानक आग लग गई। वैन में दो छोटे बच्चे भी मौजूद थे, जो झुलस गए। आग इतनी तेजी से फैली कि वैन पूरी तरह जलकर खाक हो गई। वैन में लगी गैस किट से रिसाव के चलते बाद में जोरदार विस्फोट भी हुआ, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

एएसआई जितेंद्र सिंह ने बताया कि, मरमी निवासी काशीराम तेली गुरुवार दोपहर वैन से चित्तौड़गढ़ शहर में रहने वाली अपनी बेटी के घर आए थे। वहां से वह अपनी बेटी के दो बच्चों को लेकर गांधीनगर क्षेत्र स्थित एक रिश्तेदार के घर गए थे। लौटते समय वैन में अचानक आग लग गई। काशीराम ने वैन को तुरंत रोका और दोनों बच्चों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक बच्चे हल्के से झुलस गए थे। कुछ ही पलों में वैन ने आग पकड़ ली और जलने लगी। सूचना मिलने पर कोतवाली थाना से एएसआई सुरेंद्र सिंह और एएसआई जितेंद्र सिंह मय जाब्ता मौके पर पहुंचे। तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। दो दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

### विधानसभा में स्पीकर पर कांग्रेस ने लगाया सत्ता पक्ष के एजेंट होने का आरोप

# स्पीकर रवैया बदलें, नहीं तो बजट सत्र में लाएंगे अविश्वास प्रस्ताव

FAIR REPORT

**जयपुर**। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के बीच पिछले बजट सत्र से चल रही अदावत कम होने का नाम नहीं ले रही। डोटासरा ने एक बार फिर देवनानी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने गुरुवार को कहा कि स्पीकर पारदर्शिता के साथ अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रहे और विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास कर रहे हैं। डोटासरा ने चेतावनी दी कि यदि स्पीकर ने अपना रवैया नहीं बदला तो आगामी बजट सत्र में कांग्रेस उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाएगी। पीसीसी में मीडिया से मुखातिब होते हुए डोटासरा ने कहा कि देवनानी सत्ता पक्ष को सवालों का जवाब देने से बचा रहे हैं। यदि उन्होंने अपना व्यवहार नहीं सुधारा तो हमारे पास उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के 50 कारण हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विधायक दल और पार्टी के प्रमुख नेताओं से चर्चा के बाद यह कदम उठाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अविश्वास प्रस्ताव के लिए 14 दिन का समय होता है और यदि स्थिति नहीं सुधरी तो यह प्रस्ताव लाया जाएगा।



## किसानों की समस्याओं को उठाने से रोका

डोटासरा ने अतिवृष्टि के बाद के हालातों पर कहा कि सदन में चर्चा के लिए रोका जा रहा है। अतिवृष्टि के कारण प्रदेश में 193 लोगों की मौत हो चुकी है, लोगों के घर पानी में डूब गए हैं और लाखों मवेशी मारे गए हैं। फिर भी, सरकार ने न तो विशेष पैकेज की घोषणा की और ना ही गिरदावरी कराई। जिस मुआवजे की बात आपदा मंत्री ने बताई वह ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। डोटासरा ने झालावाड़ में स्कूल की छत गिरने से सात बच्चों की मौत का मुद्दा उठाया और सरकार पर संवेदनहीनता का आरोप लगाया।

### मुरलीपुरा स्कूल व द्वारकापुरी विद्यालय के प्रधानाचार्य के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश

# स्कूल में अव्यवस्थाओं को देख शिक्षा मंत्री मदन दिलावर हुए नाराज

## जयपुर के विद्यालयों का औचक निरीक्षण करने पहुंचे थे शिक्षा मंत्री

FAIR REPORT



**जयपुर**। गुरुवार को जयपुर के स्कूलों का औचक निरीक्षण करने पहुंचे शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने विद्यालयों में अव्यवस्थाओं को लेकर संबंधित प्रधानाचार्य के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिए है। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर गुरुवार सुबह 7:40 बजे अचानक स्कूलों का निरीक्षण करने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, वाटर वर्क्स, पानी पेंच, जयपुर पहुंचे। विद्यालय में प्रार्थना सभा शुरू हो गई थी। मंत्री दिलावर बच्चों के साथ प्रार्थना में शामिल हुए और प्रार्थना के बाद विद्यालय स्टाफ की उपस्थिति की जांच की।

जांच के दौरान विद्यालय में कुल नामांकन 334 था जबकि प्रार्थना सभा में मात्र डेढ़ सौ छात्र-छात्राएं उपस्थित मिले। वहीं जितेंद्र सिंह व्याख्याता अर्थशास्त्र बिना सूचना के अनुपस्थित पाए गए। विद्यालय में प्रार्थना सभा भी मोबाइल से कराई जा रही थी। इस पर मंत्री दिलावर ने प्रधानाचार्य दामोदर लाल को निर्देश दिए की प्रार्थना सभा विद्यालय में छात्र-छात्राओं से ही कराई जाए तथा प्रार्थना सभा में सभी छात्र-छात्राओं की उपस्थिति सुनिश्चित करावे।

इसके बाद मंत्री का काफिला शहीद मेजर योगेश अग्रवाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मुरलीपुरा, बीड़ पहुंचा। जहां विद्यालय में सुबह 8:05 पर पहुंचे शिक्षा मंत्री को प्रधानाचार्य रचना दूदवाल अनुपस्थित मिली। विद्यालय में सुनीता पारेख व्याख्याता, वर्षा गोयल वरिष्ठ अध्यापक, कृष्णा देवी जाट वरिष्ठ अध्यापक एवं मंजीता अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी, कमलकांत मिश्रा वरिष्ठ सहायक बिना सूचना अनुपस्थित पाए गए। शाला दर्पण पोर्टल पर भी उनके अवकाश अथवा अन्य किसी कार्य पर जाने की सूचना नहीं थी। उधर वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक नीलम विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ खेलकूद प्रतियोगिता के लिए आमेर गई हुई थी। इस दौरान विद्यालय के शाला दर्पण रिकॉर्ड से पता चला कि विद्यालय के अधिकांश कार्मिकों द्वारा अवकाश शाला दर्पण के माध्यम से आवेदन नहीं किए जाते हैं। विद्यालय में मूवमेंट रजिस्टर का भी अभाव पाया गया। विद्यालय में कार्यरत उप प्राचार्य सोमकला वर्मा द्वारा प्रधानाचार्य को दूरभाष पर विद्यालय में मंत्री के आगमन की सूचना देने के उपरांत प्रधानाचार्य द्वारा गुमराह करने का प्रयास किया गया। विद्यालय कक्षा का निरीक्षण के दौरान पाया गया की कक्षा कक्ष में जाले लगे हुए थे एवं सफाई व्यवस्था का अभाव था। विद्यालय में कक्षा कक्षा के पीछे गंदगी के ढेर परिसर में पाए गए।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक मुख्यालय जयपुर को प्रधानाचार्य के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया।

इसी प्रकार राज्य के उच्च माध्यमिक विद्यालय, द्वारकापुरी, शास्त्री नगर जयपुर के हालात को देखकर तो शिक्षा मंत्री चौंक गए। यहां भी विद्यालय निरीक्षण के वक्त प्रधानाचार्य सीमा विज विद्यालय में अनुपस्थित थी। विद्यालय स्टाफ द्वारा अवगत कराया गया कि विद्यालय दो पारी में संचालित है। इसलिए प्रधानाचार्य सुबह 10 बजे विद्यालय आती है। विद्यालय में माया गुरावा व्याख्याता कक्षा कक्ष में और शिक्षक सैयद शाहिद स्टाफ रूम में बैठे मोबाइल चलाते हुए पाए गए। स्कूल में कक्षा नवी में अध्ययन करा रहे अध्यापक जवाद अली वरिष्ठ अध्यापक उर्दू की कक्षा में शिक्षा मंत्री द्वारा बच्चों से सामान्य ज्ञान की प्रश्न पूछे गए। जैसे की देश के प्रधानमंत्री कौन हैं? देश के महामहिम राष्ट्रपति महोदय का क्या नाम है? राजस्थान के मुख्यमंत्री का क्या नाम है? इत्यादि बच्चे इन सवालों का जवाब भी नहीं दे। इस पर अध्यापक से जब शिक्षा मंत्री ने सवाल किया तो अली ने जवाब दिया गया कि आज टीचर डे मनाने के लिए बच्चे आए हैं। इसलिए जवाब नहीं दे पा रहे।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने वरिष्ठ अध्यापक जवाद अली के विरुद्ध जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक मुख्यालय जयपुर को अनुशासनात्मक कार्रवाई के प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश दिए हैं। इसी विद्यालय में कक्षा 12वीं में इतिहास का कालांश चल रहा था। मंत्री दिलावर ने बच्चों से राज्यपाल का नाम पूछा तो बच्चे निरुतर थे। भारत सरकार के वर्तमान गृहमंत्री का नाम पूछा तो जवाब दिया कि भजन लाल शर्मा। इसी प्रकार देश के राज्यों की कुल संख्या की भी बच्चों को जानकारी नहीं है। देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल का नाम भी बच्चों को याद नहीं था। बालिकाएं कक्षा में पूर्ण गणेश में नहीं पाई गई। शौचालय में टूटा हुआ फर्नीचर भरा हुआ था तथा सेफ्टी टैंक चैंबर खुले पाए गए। कक्षा कक्षों में गुटका, आलू चिप्स की थैलियां पड़ी हुई पाई गई। कक्षा कक्षा की दीवारों पर जर्दा, गुटखा के पीक के निशान पाए गए। कक्षा कक्ष में लंबे समय से झाड़ू भी नहीं लगा ऐसा प्रतीत पाया गया। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने प्रधानाचार्य सीमा विज के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया है। निरीक्षण के दौरान शिक्षा मंत्री के विशेषाधिकारी सतीश कुमार गुप्ता एवं जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक सुनील सिंघल भी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता से प्रशस्त हुई 'राहत की राह', युद्धस्तर पर जुटा जयपुर जिला प्रशासन



FAIR REPORT

**जयपुर**। हालिया भारी बारिश और जलभराव से प्रभावित जयपुर जिले में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की संवेदनशीलता और निर्देशों पर जिला प्रशासन ने राहत एवं बचाव कार्यों को युद्धस्तर पर अंजाम दिया। जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के नेतृत्व में नगर निगम जयपुर हेरिटेज, नगर निगम जयपुर ग्रेटर, जयपुर विकास प्राधिकरण, सिविल डिफेंस और एसडीआरएफ की टीमों ने समन्वित रूप से काम करते हुए शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक प्रभावितों को समय पर मदद पहुँचाई।

बीते तीन दिनों में प्राप्त हजारों शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया गया। जलभराव रोकने के लिए 30 हजार से अधिक मिट्टी के कट्टों का उपयोग, दर्जनों पंपों की स्थापना, सड़कों और नालों की मरम्मत, विद्युत संबंधी शिकायतों का समाधान और जेसीबी व ट्रैक्टर-ट्रॉली जैसी अतिरिक्त मशीनरी तैनात की गई। प्रभावित इलाकों में राशन किट और फूड पैकेट वितरित किए गए तथा जरूरतमंदों के लिए अस्थायी आवास की व्यवस्था सुनिश्चित की गई।

सिविल डिफेंस और एसडीआरएफ की टीमों ने कई रेस्क्यू ऑपरेशन कर ग्रामीण और शहरी इलाकों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया। दूदू और कोटखावदा क्षेत्र में बांधों के ओवरफ्लो के बाद तैनात टीमों ने विशेष सतर्कता बरती। वहीं, जयपुर विकास प्राधिकरण ने शहर में 12 उप-बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित कर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया।

वर्तमान में जयपुर जिले में 16 बाढ़ नियंत्रण केंद्र सक्रिय हैं, जहाँ रेस्क्यू टीमें तैनात की गई हैं। जिला प्रशासन ने साफ किया है कि राहत एवं बचाव कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपखंड अधिकारी, तहसीलदार और राजस्व अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में तैनात किया गया है, जो फील्ड में जाकर लगातार स्थिति का आकलन कर रहे हैं।

अति प्रभावित क्षेत्रों में अतिरिक्त अधिकारियों की विशेष तैनाती की गई है। प्रशासन ने फसल खराबे का सर्वे शुरू कर दिया है ताकि किसानों को शीघ्र मुआवजा उपलब्ध कराया जा सके। जिला कलक्टर ने लोगों से अपील की है कि वे प्रशासन के निर्देशों का पालन करें, अनावश्यक रूप से जलभराव वाले इलाकों में न जाएं और किसी भी आपात स्थिति में जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष (0141-2204475, 0141-2204476) पर संपर्क करें।

## उपचुनाव: कांग्रेस की भानु सैनी 59 वोटों से जीतीं



FAIR REPORT

**जयपुर**। जयपुर नगर निगम हेरिटेज के वार्ड 63 में हुए उपचुनाव के परिणामों में कांग्रेस की प्रत्याशी भानु सैनी ने 59 वोटों से जीत हासिल की। कांग्रेस की ओर से मैदान में उतरीं भानु ने निर्दलीय उम्मीदवार सीमा मीणा को हराया, जबकि भाजपा की रितु नंदवाना तीसरे स्थान पर रही। इस त्रिकोणीय मुकाबले में भानु सैनी को 1,358 वोट मिले, जबकि सीमा मीणा को 1,299 और रितु नंदवाना को 1,062 वोट मिले। 26 मतदाताओं ने नोटा का उपयोग किया। किशनपोल विधायक अमीन कागजी ने इस जीत को भाजपा की हार और जनता के असंतोष का परिणाम बताया। उनका कहना था कि आने वाले निकाय चुनावों में कांग्रेस जयपुर में ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी।

### त्योहारों से पहले प्रशासन सतर्क...

## कलक्टर और एसपी ने रूट मार्च कर लिया व्यवस्थाओं का जायजा

FAIR REPORT
मनीष मालानी

**चित्तौड़गढ़**। जिले में आगामी अनंत चतुर्दशी और बारावफात जैसे महत्वपूर्ण त्योहारों को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला कलक्टर आलोक रंजन और पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने गुरुवार को शहर के भीतरी और संवेदनशील क्षेत्रों में रूट मार्च कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने उन सभी मार्गों और स्थलों का जायजा लिया जहां से शोभायात्राएं निकलनी हैं या जुलूस एकत्र होंगे। रूट मार्च का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्था का आकलन करना और आमजन में विश्वास कायम रखना रहा।

हाल ही में रावतभाटा क्षेत्र में बारिश के दौरान बिजली की तारों से करंट फैलने की घटना में चार लोग झुलस गए थे। इस घटना को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने रूट मार्च के दौरान बिजली तारों की ऊंचाई और स्थिति का भी निरीक्षण किया। कलक्टर आलोक रंजन ने बिजली विभाग सहित संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं सुरक्षित बनाई जाएं और आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयारियां पुख्ता हों। जिले में गणेश शोभायात्रा बड़े धूमधाम से निकाली जाती है, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु और झांकियां शामिल होती हैं। भीड़ को संभालने के लिए इस बार भी बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया जाएगा। रूट मार्च में एमबीसी और क्यूआरटी के जवान भी शामिल रहे। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी असामाजिक तत्व की गतिविधि पर सख्त नजर रखी जा रही है और कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।



### विभागों को दिए स्पष्ट निर्देश

कलक्टर ने कहा कि नगर परिषद, बिजली विभाग, जिला प्रशासन और यूआईटी की टीमें त्योहारों के दौरान पूरी तरह सक्रिय रहें। झांकियों और शोभायात्राओं के दौरान संबंधित विभागों के कर्मचारी मौके पर मौजूद रहें ताकि किसी भी समस्या का तुरंत समाधान हो सके। बारिश के बाद खराब हुई सड़कों की मरम्मत के निर्देश भी नगर परिषद और यूआईटी को दिए गए।

### पुलिस की विशेष निगरानी

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह, डीएसपी विनय चौधरी और सीआई तुलसीराम प्रजापत भी मौजूद रहे। पुलिस टीम ने पैदल मार्च कर संवेदनशील इलाकों की स्थिति का आकलन किया। खासतौर पर भीड़भाड़ वाले इलाकों, नदी किनारों और तंग गलियों पर विशेष नजर रखी गई। एसपी त्रिपाठी ने नागरिकों से अपील की कि सभी लोग आपसी भाईचारे और धार्मिक सहिष्णुता के साथ त्योहार मनाएं। उन्होंने बताया कि सभी संभावित संवेदनशील स्थानों को चिह्नित कर लिया गया है और बिजली के तारों को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

### उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने दिए निर्देश...

# आंगनबाड़ी केंद्रों को सुरक्षित भवनों में स्थानांतरित किया जाए

FAIR REPORT

**जयपुर**। उप मुख्यमंत्री एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में तथा महिला एवं बाल विकास शासन सचिव महेन्द्र सोनी एवं निदेशक, समेकित बाल विकास सेवाएं वासुदेव मालावत की उपस्थिति में गुरुवार को शासन सचिवालय में राज्य में आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण एवं जर्जर / मरम्मत योग्य आंगनबाड़ी भवनों के जीर्णोद्धार के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य अभियंता (भवन), सार्वजनिक निर्माण विभाग, समग्र शिक्षा अभियान के तकनीकी अधिकारी, प्रभारी, नन्द घर एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें । वहीं राज्य के सभी जिलों के उपनिदेशक वीडियो कांफ्रेंस से जुड़े।

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने राज्य में आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण एवं जर्जर / मरम्मत योग्य आंगनबाड़ी भवनों के जीर्णोद्धार के कार्यों की प्रगति की जिलेवार समीक्षा करते हुए कहा कि उक्त कार्य समयब्धता से पूर्ण करें तथा आवंटित किए गए बजट का समुचित उपयोग किया जाए।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि



राज्य की सभी आंगनबाड़ियों को आदर्श आंगनबाड़ी बनाने के ध्येय से अधिकारी फील्ड में कार्य करें साथ ही नियमित मॉनिटरिंग भी करें। उन्होंने जिला उप निदेशकों को निर्देशित किया कि जिला कलेक्टर्स के माध्यम से जिलों की आंगनबाड़ियों का सर्वे शीघ्र पूर्ण करवाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिला उपनिदेशक यह भी सुनिश्चित करें कि जिलों में असुरक्षित और जर्जर आंगनबाड़ी भवनों को डेमोलिश किया जाए तथा उक्त आंगनबाड़ी केंद्रों को तत्काल प्रभाव से अन्यत्र स्थानानंरित किया जाए इसमें किसी भी तरह की कोई चूक नहीं हो यह सुनिश्चित किया जाए।

दिया कुमारी ने अभी तक मरम्मत कार्य शुरू नहीं करवाने वाले जिला उपनिदेशकों से नाराजगी जताते हुए कहा कि जिलों से अगले 15 दिवस में प्रगति की चर्चा की जाएगी। सिविल कार्य हुए हैं या नहीं इसकी प्रगति रिपोर्ट अगले एक सप्ताह में प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें, साथ ही यह ध्यान रखा जाए कि आंकड़ों में कोई अंतर नहीं हो। उन्होंने निर्देश दिए कि नियमित रूप से तय लक्ष्यों की प्राप्ति करें साथ किये गए कार्यों की सम्पूर्ण रिपोर्ट प्रेषित करें। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी तरह की कोताही बरते जाने को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्धारित कार्यों की टेंडर प्रक्रिया को शीघ्र फाइनल कर, कार्यो को शीघ्र शुरू कराया जाए।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि उपनिदेशक फील्ड में रहकर कार्यों को प्रभावी तरीक़े से मोनिटर करें। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ियों के भवन आधारभूत सुविधाओं के साथ विकसित किये जाए। आंगनबाड़ियों के विकास कार्य ये राज्य सरकार के बजट के साथ साथ सीएसआर/ आपदा सहायता फंड/ डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड/ इंटरनेशनल विधायक निधी के तहत जिला कलेक्टर्स के माध्यम से भी करवाये जाने हेतु प्रभावी प्रयास किए जाएं।

# Heavy Rainfall Wreaks Havoc in Ajmer, Boraj Pond's Embankment Breached, Colonies Evacuated



Ashish Vyas
Ajmer Correspondent
FAIR REPORT






**Ajmer:** Ajmer witnessed severe disruption due to continuous heavy rainfall from Wednesday night to Thursday evening. The downpour led to lakes and reservoirs in and around the city overflowing, including Ana Sagar, Varun Sagar, Daurai Pond's, and Boraj Pond's.

The most critical situation emerged at Boraj Pond's, where the embankment developed cracks, raising fears of a breach. Acting swiftly, the administration deployed the NDRF team and evacuated nearly 80 families from Swastik Nagar and nearby colonies to safer locations. Many residents vacated their homes voluntarily, while some were seen in a state of distress.

Evacuated families were relocated to the Government Senior Secondary School, while sandbags were placed along the pond's embankment as a precautionary measure. Officials and staff were stationed on-site to monitor the situation.

### Administration Issues Advisory

ADM Gajendra Singh appealed to the media and said that people should not come out of their homes unnecessarily and stay away from waterlogged areas. He informed that several roads have sunk or developed large potholes, and the extent of the damage will only be assessed once the rain subsides. Authorities have appealed for calm and cooperation as relief and rescue operations continue under strict vigilance.

### Flood-like Situation After Boraj Pond's Embankment

At the time of reporting, it has been confirmed that the embankment of Boraj Pond's has broken, leading to flood-like conditions in the surrounding areas. Several houses have been inundated, while cars and two-wheelers were swept away in the strong current. Local residents captured videos on their mobile phones showing cattle being washed away in the surge of water following the breach. Authorities are closely monitoring the situation, while relief and rescue operations are being intensified in the affected colonies.

### Poor Drainage Adds to Woes

In Swastik Nagar, close to Boraj Pond's, no arrangements for water drainage were in place. Illegal constructions and lack of proper sewage channels led to severe waterlogging in the area. The embankment of Boraj Pond's, located near the foothills, is nearly 30–40 feet deep and extends several meters, worsening the threat.

### Roads Collapse, Traffic Hit

Across the city, traffic came to a standstill due to waterlogging and road collapses. At Madar Gate, Station Road, and Nala Bazaar, the strong water current swept people into drains, but local shopkeepers managed to rescue them. At the Topdara Pulia intersection, a truck carrying cash from the Reserve Bank got stuck after the road caved in.

# Multi-Crore Fraud in Land and Housing Projects

FAIR REPORT
BY SOHAIL KHAN, UDAIPUR



Udaipur district has witnessed a major case of fraud involving land and housing projects, where investors were lured with promises of heavy profits. Victim Nasir Mohammad (57), a resident of Udaipur, filed a complaint through the court at Pratapnagar police station, alleging that five individuals, including Nizam Mohammad Mansoori, duped him of nearly Rs.2.93 crore, including Rs.2.84 crore and an additional 9 lakh in interest.

### How the Fraud Took Place

According to the report, the accused convinced the complainant of lucrative deals in land purchases and partnership in the CM Housing Scheme. They prepared fake documents to make the deals appear genuine. After receiving the money, the accused disappeared. The complainant was also made to sign 12 blank stamps and 12 cheques, which were later misused to prepare false agreements.

The victim further stated that he had transferred Rs.3 crore through RTGS. When he demanded the return of his money after the project's completion, the accused not only refused but also threatened to kill him.

The report mentioned that the accused operated as a gang, running a fake business to trap the victim. They even invoked the name of gangster Lawrence Bishnoi to intimidate him, demanding Rs.3 lakh be deposited in the account of Pawan Solanki, threatening to kill him and his child if he failed to comply.


- Nizamuddin Mansoori, son of Gulam
- Mohammad Mansoori, resident of Shastri Nagar
- Salma Bano, wife of Nizamuddin Mansoori, resident of Shastri Nagar
- * Baby Bano, wife of Nizamuddin Mansoori, resident of Shastri Nagar
- Mohammad Shakil, son of Mohammad Bashir, resident of Shastri Nagar
- Zakir Mohammad, son of Umar Mansoori, resident of Bhilwara
- Fraud Carried Out as a Gang*

### Rajsamand: Amet Village Hit by Theft, Policeman's House Targeted

**Rajsamand** Rajsamand district's Amet tehsil witnessed another incident of theft on Wednesday night, spreading fear among villagers. Unidentified thieves broke into two houses in Dovda village and escaped with jewellery and cash worth several lakhs. Shockingly, one of the houses targeted belonged to Rajsamand SP's guard, Rajesh Sharma. According to sources, during the incident, the family members were asleep on the upper floor of the house. The thieves stole five tolas of gold, one kilogram of silver, and 2 lakh in cash from the lower portion of the house. The same night, another theft took place at the residence of Roshanlal Sharma in the village. Notably, around six months ago, a similar theft of nearly 25 lakh had occurred in the same village at a house and a temple, which still remains unsolved. With repeated incidents and lack of effective police action, villagers are expressing strong resentment.

# Cricket History to be Made in Nathdwara with Miraj

FAIR REPORT:
BY SOHAIL KHAN




**Udaipur:** Nathdwara is set to create history in the world of cricket. Following the visit of Prime Minister Narendra Modi to the region, preparations are underway for hosting the Rajasthan team's training camp at the state-of-the-art Miraj Stadium. With world-class facilities, the stadium will soon open doors for international-level matches and tournaments.

The Miraj Stadium, constructed on 32 acres at a cost of 45 crores, has been developed with 11 pitches. Built according to international standards, it is capable of hosting high-profile matches, including IPL and international fixtures. This development is expected to bring global attention to Rajasthan's cricketing landscape.

IPL and International Matches on the Horizon*

According to Rajasthan Cricket Association (RCA) officials, a roadmap has been prepared to hold international matches here. The upcoming Rajasthan Premier League is also expected to witness matches at this venue. With top-class arrangements, the Miraj Stadium will not only provide a training hub for state players but also attract major tournaments.

### World-Class Infrastructure

The Miraj Stadium has been designed to match international quality standards, with world-class pitches, seating arrangements, and modern facilities. This will give budding cricketers in Rajasthan an opportunity to train and showcase their skills at the highest level.

### Inspection by RCA Committee

Recently, RCA's high-level committee inspected the stadium and expressed satisfaction with the facilities. They confirmed that the stadium is fully equipped for high-standard matches. With their approval, the path has now been cleared for Rajasthan to host international cricket matches in Nathdwara.

# RAJE MEETS THE RSS



Hemraj Tikam chand Tiwari
Journalist

Rajasthan's political circles were abuzz when former Chief Minister Vasundhara Raje met RSS chief Mohan Bhagwat in Jodhpur. This was not a routine courtesy call—it was a reminder that her influence is far from over. For the BJP, grappling with factionalism, the meeting suggested a recalibration may be underway: fresh leadership on one side, proven veterans on the other.

In Rajasthan, as across India, power is shaped not just in the Assembly but also in the ideological corridors of the RSS. For Congress, the message is clear: the real challenge may come not from outside, but from the BJP's own internal churn.

### A Bill That Saves Lives

The Coaching Regulation Bill 2025, passed unanimously in the Assembly, is more than policy—it is a social necessity. Rajasthan, particularly Kota, has become India's coaching capital, but this fame has been scarred by student suicides and relentless pressure.

The Bill mandates registration, health and counseling facilities, and stricter advertising rules. If implemented sincerely, it could make Rajasthan a national model—showing that education is not just about producing toppers, but about protecting young lives. This is politics at its noblest: when legislation eases human suffering.

### Accountability at the RPSC

Few institutions command as much public trust—or anger—as the Rajasthan Public Service Commission (RPSC). Years of paper leaks and recruitment scandals have corroded faith in the system. The resignation of Manju Sharma, after judicial censure, reflects a new era of accountability.

For the youth, it signals that their voice matters. For the government, it is a warning: credibility is not won by announcements but by institutions that deliver fairly. Transparency is no longer optional—it is the minimum expectation.

### Everyday Governance: Aggregator Policy

Politics often feels distant until it touches daily life. Deputy CM Prem Chand Bairwa's proposed Motor Vehicle Aggregator Policy is one such intervention.

By regulating fares, licensing, and fleet size for cabs and autos, the state seeks to formalize a chaotic sector. This is governance where it counts—in the commute of a worker, the earnings of a driver, the reliability of a student's daily ride. If executed well, it will demonstrate that politics can, quite literally, take people where they need to go.

### Bypolls and Democracy

Four urban local body bypolls may not shift Rajasthan's Assembly arithmetic, but they reveal something deeper: the resilience of grassroots democracy. Despite heavy rains, turnout was robust in Tonk's Malpura wards, crossing 60%. Results will be declared on September 5, but the message is already clear—citizens expect accountability at every level, from ward councillors to chief ministers. The heartbeat of democracy lies not just in grand speeches but in the ballot boxes of small wards.

### ₹120 Crore for Inclusion

The sanctioning of 120 crore for 1,206 border villages in Barmer, Jaisalmer, Sri Ganganagar, and Bikaner may seem less glamorous than political maneuvering, but it could prove transformative. Roads, schools, and healthcare in these forgotten corners are not just development—they are dignity. Strong border villages also mean stronger national security. Here, governance merges with geopolitics. When politics invests in the margins, it strengthens the centre.

### Politics as Service

Taken together, these developments capture Rajasthan's political crossroads. Leadership recalibrations, education reform, institutional accountability, daily governance, grassroots democracy, and rural inclusion—they reveal a state experimenting with politics beyond mere power.

The challenge is consistency. Will these initiatives sustain, or will they fade as political optics? Rajasthan has the opportunity to set a national precedent: that politics can be both practical and people-centric. Rajasthan's politics today is more than palace intrigue or election arithmetic. It is about the student in Kota, the driver in Jaipur, the villager in Barmer, and the voter braving rain in Tonk. The state's trajectory will be judged not by slogans, but by whether governance delivers dignity and hope. True politics begins not with winning elections, but with earning trust.

Printed And Published By Loveena Wadhwa, Printed at Maharani printers plot no 17, MMA Vishno Nagar Kalwar Road Jaipur, Published at P1 Ambit Sapphire Jyoti Nagar Housing Board, JAIPUR RAJASTHAN 302005• Editor and Chief: Loveena Wadhwa• Editor: Sushil Pal •Managing Editor: Anish Thomas Responsible for Selection of News Under the PRB act.